राजस्थान सरकार
तकनीकी शिक्षा विभाग

एफ 20(5)तशि / 2004 पार्ट ।। जयपुर दिनांक 29 जून, 2021

**प्राचार्य एवं सदस्य सचिव,**
अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी,
अजमेर / बीकानेर / भरतपुर / झालावाड़ / भीलवाड़ा।

विषय :— महाविद्यालय सोसायटी की बैठक दिनांक 23.06.2021 का कार्यवाही विवरण एवं कॉमन निर्णय भिजवाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि आपके महाविद्यालय सोसायटी की बीओजी की बैठक माननीय मंत्री महोदय, तकनीकी शिक्षा द्वारा दिनांक 23.06.2021 को ऑनलाईन आयोजित की गई थी जिसका कार्यवाही विवरण एवं कॉमन निर्णय सक्षम अनुमोदन उपरान्त संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न उपरोक्तानुसार

भवदीय

(डॉ मनीष गुप्ता)
संयुक्त सचिव, त.शि.

प्रतिलिपिः— निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है —

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, तकनीकी शिक्षा विभाग।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा।
3. रक्षित पत्रावली।

**संयुक्त सचिव, त.शि.**

# राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी भरतपुर

क्रमांक F1(1)/GECBH/2020-21/ दिनांक:

## कार्यवाही विवरण

राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी भरतपुर की सत्रहवीं बीओजी की बैठक दिनांक 23.06.2021 को माननीय मंत्री महोदय, तकनीकी शिक्षा विभाग, प्रेसीडेंट बी.ओ.जी. की उपस्थिति में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

1. श्री एन. एल. मीणा, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
2. श्री राजेश चौहान, संयुक्त शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
3. प्रोफेसर गुनवंत शर्मा, Chairman BoG
4. प्रोफेसर डी.एस. हूडा, AICTE Nominee
5. डॉ. अभिषेक लुनायच, फैकल्टी मैम्बर
6. डॉ. नवीन झा, फैकल्टी मैम्बर
7. श्री प्रशान्त बाहेती, फैकल्टी मैम्बर
8. डॉ. रवि गुप्ता, प्राचार्य एवं सदस्य सचिव

प्रोफेसर गुनवंत शर्मा, Chairman BoG द्वारा सोसायटी की बैठक की अध्यक्षता की गयी।

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न अधिकारीगण भी उपस्थित हुये:–

1. प्रो. आर.ए. गुप्ता, वी.सी., आर.टी.यू. कोटा
2. डॉ. मनीष गुप्ता, संयुक्त सचिव-II, तकनीकी शिक्षा विभाग
3. डॉ. संदीप कुमार, निदेशक, सी.ई.जी.
4. श्री उदय ए. डावडे, एस. पी. ए., एस.पी.आई.यू. जयपुर

बैठक में एजेण्डा अनुसार विस्तृत विचार–विमर्श के उपरांत निम्न निर्णय लिये गये:–

| Agenda Item No. | Agenda Item | Decision |
| --- | --- | --- |
| 17.1 | **Agenda :- Ratification/ confirmation of Minutes of Meeting of 15th BoG held on 04-01-2021 and Minutes of Meeting of 16th BoG held on 25-01-2021.**<br><br>**Description :-** Minutes of 15th meeting of BoG dated 04-01-2021. Received by the College vide letter no. 20(5)T.E./04-Part I, Jaipur, dated 27 January, 2021 of Department of Technical Education **(Annexure A- 1.1).**<br>Minutes of 16th meeting of BoG dated 25-01-2021. Received by the College vide letter no. 20(5)T.E./04- Part I, Jaipur, dated 02 February, 2021 of Department of Technical Education **(Annexure A- 1.2).**<br><br>No objections/ observations were received.<br><br>A copy of approved minutes of the 15th BOG meeting & 16th BOG meeting. | Approved |

Member Secretary
Govt. Engg. College Bharatpur Society

Chairman, BoG
Govt. Engg. College Bharatpur Society

| | | |
|---|---|---|
| 17.2 | **Agenda :- Proposal to process the Engineering College Bharatpur, Engineering College Dholpur & Engineering College Karauli as constituent college of RTU kota as per the point no 313.00.00 of Budget Announcement of F/Y 2021-22.**<br><br>**Description :-** राज्य सरकार के बजट घोषणा 2021–22 के बिन्दु संख्या 313.00.00 के क्रियान्विति हेतु राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी भरतपुर में संचालित अभियांत्रिकी महाविद्यालयों यथा अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर, अभियांत्रिकी महाविद्यालय धौलपुर एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय करौली को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के संघटक कॉलेज बनाने की अनुमति प्रदान करने एवं राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी भरतपुर (इसके अंतर्गत संचालित अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर, अभियांत्रिकी महाविद्यालय धौलपुर एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय करौली) को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा को समस्त परिसम्मतियाँ / दायित्व / देनदारियों / कर्मचारी / अनुबंध इत्यादि हस्तांतरित करने के लिए राज्य सरकार को आदेश जारी करने हेतु अधिकृत करना एवं राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी भरतपुर के रूल्स ऑफ सोसायटी के बिन्दु संख्या 19 के अनुसार (प्रति संलग्न) सोसायटी को भंग करने सम्बंधित आदेश जारी करने हेतु राज्य सरकार को अधिकृत करने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। | Approved |

Member Secretary
Govt. Engg. College Bharatpur Society

Chairman, BoG
Govt. Engg. College Bharatpur Society

## दिनांक 23.06.2021 को अभियांत्रिकी महाविद्यालयों की हुई बी. ओ. जी. की बैठक के दौरान लिये गये कॉमन निर्णय : –

01. सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के प्राचार्य संकाय सदस्य, कर्मचारी, अनुबन्ध पर कार्यरत कार्मिकों, के पदों के सृजन, नियुक्ति आदेश, व्यक्तिगत पत्रावलियों, आय–व्यय विवरण, एसेट एवं लाइबिलिटी, अंकेक्षण रिपोर्ट इत्यादि के विवरण शीघ्र तैयार करें।

02. राज्य सरकार की ओर से इन सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के संघटक महाविद्यालय बन जाने के पश्चात् इन अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के शैक्षणिक कार्मिकों के सम्बन्धित विश्वविद्यालयों में समायोजन हेतु एक स्क्रीनिंग समिति का नियमानुसार गठन किया जायेगा।

03. इन महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के नामांकन में यदि कोई समस्या आती है तो इसके लिए कुलपति आरटीयू, कोटा की अध्यक्षता में राज्य सरकार की ओर से एक समिति का गठन किया जायेगा।

Member Secretary
Govt. Engg. College Bharatpur Society

Chairman, BoG
Govt. Engg. College Bharatpur Society